प्रथम सत्र, 2025
का प्रथम शुक्रवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

उत्तराखण्ड विधान सभा
की कार्यसूची

शुक्रवार,
02 फाल्गुन, शक संवत्, 1946
(दिनांक : 21 फरवरी, 2025)

नत्थी 'क'
अल्पसूचित प्रश्न

श्री बृज भूषण गैरोला
10.02.2025

**क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि लगभग 05 वर्ष पहले जंगलों में चीड़ के पिरुल से बिजली उत्पादन की नीति बनाई गयी थी? क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री के संज्ञान में यह भी है कि राज्य में ऊर्जा आपूर्ति को पूरा करने तथा स्वरोजगार देने के लिए उत्तराखण्ड रिनिरेवल एनर्जी डेबलमेंट एजेन्सी (उरेडा) के माध्यम से पिरुल से बिजली उत्पादन के लिए 21 प्रोजेक्ट आंवटित हुये थे, जिसमें से मात्र 06 प्रोजेक्ट ही लगे और उनमें से कई तकनीकी दिक्कतों के कारण बन्द हो चुके हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उरेड़ा द्वारा जो पिरुल से बिजली उत्पादन के 21 प्रोजेक्ट आंवटित किये जाने थे, उनमें से मात्र 06 प्रोजेक्ट आवंटन करने के उपरान्त 15 प्रोजेक्ट आवंटित न किये जाने के क्या कारण हैं? क्या सरकार ऊर्जा आपूर्ति को पूरा करने तथा स्वरोजगार हेतु पिरूल से बिजली उत्पादन की नीति के अनुरूप उरेडा के माध्यम से प्रदेश में बड़े स्तर पर प्रोजेक्ट आवंटित किये जाने पर विचार करेगी तथा पूर्व आवंटित 15 प्रोजेक्टों को शीघ्रातिशीघ्र लगाये जाने हेतु कोई प्रभावी कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

वैकल्पिक ऊर्जा

श्री आदेश चौहान
10.02.2025

**क्या गृह मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार में बड़ी संख्या में देश के पश्चिम बंगाल, असम, उत्तर प्रदेश व अन्य प्रान्तों से आये हुए लोग जगह-जगह पर झुग्गी-झोपड़ियों में अथवा एक विशेष समुदाय की बस्तियों में आकर बस रहे है? क्या यह भी सत्य हैं कि इन लोगों ने उत्तराखण्ड के आधार कार्ड भी बना लिये है तथा इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे क्षेत्र का सामाजिक संतुलन बिगड़ रहा है तथा इनकी गतिविधियां भी संदिग्ध प्रतीत होती है? यदि हां, तो क्या सरकार ऐसे लोगों को चिन्हित कर, इनको वापस इनके मूल स्थान पर भेजने की किसी योजना पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

गृह